FORM NO.111

फर्द अहकाम

(नियम 26)

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी श्रीमाधोपुर (नीमकाथाना)

ओमप्रकाश सिंह वगै0 बनाम गोविन्द सिंह वगै0

किस्म मुकदमा – इजराय

मुकदमा नम्बर – 32/2024

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय लघु हस्ताक्षर जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुये
10.07.2024	वकील डिक्रीदार श्री लोकेन्द्र सिंह शेखावत एड0 ने उपस्थित होकर इजराय प्रार्थना पत्र पेश किया। इजराय दर्ज रजिस्टर की जावे। इस न्यायालय द्वारा पारित निर्णय दिनांक 21.02.2024 की पालना मे राजस्व रिकार्ड मे अमल दरामद करने हेतु (यदि प्रकरण मे किसी अन्य न्यायालय का स्थगन आदेश आदि नही हो तो) तहसीलदार श्रीमाधोपुर को तहरीर जारी की जावे। पत्रावली वास्ते प्राप्त होने पालना रिपोर्ट दिनांक 12.08.2024 को पेश हो। (अनिल कुमार) उपखण्ड अधिकारी श्रीमाधोपुर (नीमकाथाना)	
19.12.2024	पत्रावली तारीख पेशी से गिरकर आज पेश हुई। वकील डिक्रीदार उपस्थित। प्रकरण में श्री सॉवरमल यादव, भू. अभिलेख निरीक्षक कार्यालय हाजा द्वारा अवगत कराया कि प्रकरण मे ऑनलाईन मिलान किये जाने पर इस न्यायालय द्वारा पारित निर्णय व डिक्री की पालना तहसीलदार श्रीमाधोपुर द्वारा जरिये नामान्तकरण संख्या 789 दिनांक 15.09.2024 के द्वारा राजस्व रिकार्ड में अमल दरामद हो चुकी है। प्रकरण में आगे कोई कार्यवाही अपेक्षित नहीं है। अतः इजराय पत्रावली को आगे नहीं चलाकर इसी स्तर पर खारिज की जाकर फैसल किये जाने की स्वीकृति दी जाती है। पत्रावली फैसल शुमार होकर बाद तकमील दाखिल दफ्तर हो। (अनिल कुमार) उपखण्ड अधिकारी श्रीमाधोपुर (नीमकाथाना)	ऑनलाइन चैक की गयी। नामां. सं. 789 दि. 15/9/24 द्वारा न्यायालय आदेश की पालना की गयी।

Signature Not Verified

Digitally signed by Anil Kumar
Date: 2025.03.19 17:48:48 IST
Reason: SelfAttested